

**अच्छा प्रयोग, पर नतीजे नहीं खास**

रोहित ने कहा, 'हमने कभी लक्ष्य को दिमाग में नहीं बिठाया। हम अलग तरह की टीम हैं और अलग तरह से खेलते हैं। हम परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहते हैं। मैं दूसरे ओवर में आउट हो गया लेकिन डि कॉक और सूर्या ने पलड़ा हमारी तरफ मोड़ दिया। हमने कभी नहीं चाहा कि उनका पलड़ा भारी रहे।'

## लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचकर बोले रोहित, यह हमारा बेस्ट प्रदर्शन था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों की जमकर तारीफ करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वॉलिफायर में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 57 रन से जीत को अपनी टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करार दिया। रोहित ने कहा, 'मेरा मानना है कि यह हमारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हमने जिस तरह से अपने इरादे दिखाए। जिस तरह से दूसरे ओवर में विकेट गंवाने के बाद क्विंटन डि कॉक और सूर्यकुमार यादव ने बल्लेबाजी की। जिस तरह का हमने अंत किया और फिर शानदार गेंदबाजी की।' मुंबई ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 200 रन बनाए। उसकी तरफ से सूर्यकुमार यादव (51) और इशान किशन (नाबाद 55) ने अर्धशतक जमाए जबकि डि कॉक ने 40 और हार्दिक पंड्या ने 14 गेंदों पर नाबाद 37 रन की पारी खेली। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने 13 रन देकर चार विकेट और ट्रेंट बोल्ट ने दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए और दिल्ली को आठ विकेट पर 143 रन ही बनाने दिए।

# छींटाकशी से विराट कोहली को कोई परेशानी नहीं होगी: स्टीव वॉ

**क्रिकेट**

## विराट कोहली से वाकयुद्ध में नहीं पड़ने की दी सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने अपनी टीम को भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की आगामी सीरीज के लिए विराट कोहली से वाकयुद्ध में नहीं पड़ने की सलाह दी है क्योंकि उनका कहना है कि इससे कोहली और उनकी टीम को अच्छे प्रदर्शन की 'अतिरिक्त प्रेरणा' मिल जाएगी।

बॉर्डर–गावसकर ट्रॉफी 17 दिसंबर को एडिलेड ओवल पर दिन–रात के मैच से शुरू होगी। इसके बाद मेलबर्न (26 दिसंबर से), सिडनी (सात जनवरी से) और ब्रिसबेन (15 जनवरी से) में मैच खेले जाएंगे। दौरे की शुरुआत 27 नवंबर से तीन वनडे मैचों की सीरीज के जरिए होगी।

वॉ ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो पर डाले गए वीडियो में कहा, 'छींटाकशी से विराट कोहली को कोई परेशानी नहीं होगी। महान खिलाड़ियों पर इससे असर नहीं पड़ता। इसलिए



इससे दूर ही रहें।' उन्होंने कहा, 'इससे उन्हें और रन बनाने की अतिरिक्त प्रेरणा मिलेगी। इसलिए उस पर शब्दों के बाण नहीं छोड़ना ही बेहतर है।' ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन कप्तान टिम पेन और उनकी टीम ने भारतीय टीम के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यही गलती की थी और भारत ने ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार टेस्ट सीरीज 2–1 से जीती।

वॉ ने कहा, 'कोहली विश्व स्तरीय खिलाड़ी है और वह सीरीज का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहना चाहता है। पिछली बार भारत में स्टीव स्मिथ और वह आमने–सामने थे जिसमें स्मिथ तीन शतक लगाकर आगे रहे। यह भी उसके जेहन में होगा और वह ज्यादा रन बनाना चाहेगा।' उन्होंने कहा कि बतौर खिलाड़ी कोहली अब कहीं अधिक नियंत्रित है और भारत को विदेश में जीत दिलाने को बेताब भी।

उन्होंने कहा, 'वह पहले से अधिक परिपक्व है और नियंत्रित भी। वह चाहता है कि भारत विदेश में जीतकर नंबर वन की अपनी रैंकिंग के साथ न्याय करे। वह टीम को उस मुकाम पर ले गया है, जहां वह पहले नहीं गई।'

# मुंबई इंडियंस जीते पर रोहित शर्मा के नाम दर्ज हुआ अनचाहा रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। मुंबई इंडियंस की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के फाइनल में जगह बना ली। दुबई में खेले गए पहले क्वॉलिफायर में 57 रन से जीत हासिल की। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने खाता नहीं खोल पाए। इसके साथ ही रोहित के नाम एक अनचाहा रेकॉर्ड दर्ज हो गया। रोहित आईपीएल की अपनी 194वीं पारी में 13वीं बार जीरो पर आउट हुए। वह इस लीग में सबसे ज्यादा बार जीरो पर आउट होने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गए।

रोहित के अलावा हरभजन सिंह (88 पारियां) और पार्थिव



पटेल (137 पारियां) भी 13 बार जीरो पर आउट हुए हैं। इस लिस्ट में अजिंक्य रहाणे भी शामिल हैं। रहाणे 147 मैचों की 139 पारियों में 13 बार खाता खोले बिना पवेलियन लौटे हैं।

दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई ने क्विंटन डी कॉक, सूर्यकुमार यादव, इशान किशन और हार्दिक पंड्या की दमदार गेंदबाजी की मदद से 200 रन का स्कोर बनाया।

जवाब में दिल्ली की टीम 8 विकेट पर 143 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट लिए।

## चैंपियन टीम पर बरसेगा धन, ये 3 टीमें भी होंगी मालामाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात यानी में खेले जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 13वें सीजन में अब बस तीन मुकाबले बाकी हैं। यहां तक आइपीएल 2020 के फाइनल में खेलने वाली एक टीम का ऐलान भी हो गया है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आइपीएल की विजेता टीम को इस बार कितनी रकम मिलने वाली है? अगर नहीं जानते हैं तो आज जान जाएंगे कि प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीमों समेत फाइनल को जीतने वाली टीम को कितनी इनामी राशि मिलने वाली है। आपको ये बात जानकर हैरानी होगी कि पिछले साल की अपेक्षा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इस साल के आइपीएल की इनामी राशि को कम कर दिया गया है। बीसीसीआइ ने साल 2019 के आइपीएल के मुकाबले इस बार आधी इनामी राशि ही टीमों को देने का फैसला किया है। बीसीसीआइ ने मार्च 2020 की शुरुआत में ही इस बात का ऐलान कर दिया था कि इस बार आइपीएल की इनामी राशि में कॉस्ट कटिंग की जा रही है। करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया जाएगा।

## न्यूज डायरी



### मुंबई के आगे कैसे दबंगई और दिलेरी भूल गई दिल्ली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईपीएल के पहले क्वॉलिफायर में सूर्यकुमार यादव और क्विंटन डि कॉक ने पहले दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर खबर ली तो आखिरी में हार्दिक पंड्या और ईशान किशन ने डेमोक्रेटिक अंदाज में सभी गेंदबाजों पर बराबर चौके–छक्के उड़ाते हुए तूफान ला दिया। मुंबई ने दिल्ली को 201 रनों का पहाड़ सरीखा लक्ष्य दिया। फिर ट्रेंट बोल्ट ने हाईवोल्टेज बोलिंग करते हुए पहले ही ओवर में पृथ्वी और रहाणे को पविलियन भेज दिया। फिर बुम बुम बुमराह ने जो किया वह तो इतिहास में याद रखा जाएगा। वन लाइनर कहा जाए तो न कल दिल्ली की दबंगई दिखी और न ही उसकी दिलेरी। मुंबई ने मैदान मारते हुए छठी बार फाइनल का टिकट कटा लिया।

### दिल्ली कैपिटल्स की डैथ ओवर की बोलिंग से निराश हैं कोच रिकी पॉन्टिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले क्वॉलिफायर में डैथ ओवरों में अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए कहा कि अब फाइनल में पहुंचने के लिए एक टीम के रूप में उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली को रविवार को दूसरे क्वॉलिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पॉन्टिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'पहले कुछ ओवर में हमारा प्रदर्शन अच्छा था जब उनका स्कोर चार विकेट पर 120 रन था। हमें लगा कि 170 का स्कोर बनेगा जो हम हासिल कर लेंगे।' दिल्ली ने आखिरी पांच ओवरों में 78 रन दिए। पॉन्टिंग ने कहा, 'आखिरी चार पांच ओवरों में हमारा प्रदर्शन बहुत खराब रहा। हमने हार्दिक पंड्या को उसकी मनचाही गेंदें डालीं। ईशान किशन ने भी इस सत्र में हमारे खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हम पूरे टूर्नामेंट में अच्छी रणनीति बनाकर उस पर अमल करते रहे लेकिन इस मैच में दबाव के आगे हम रणनीति पर अमल नहीं कर पाए।'

### भारतीय टीम आज से पिंक बॉल से शुरू करेगी प्रैक्टिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय टीम को अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 13 वें संस्करण के बाद होने वाली ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर भारतीय टीम की नजर है। इसी वजह से टीम इंडिया दुबई की ष्छ अकेडमी में शुक्रवार शाम से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद टेस्ट के लिए तैयारी शुरू कर देगी। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, जिसमें एक मैच डे–नाइट टेस्ट होगा, जो पिंक बॉल से खेला जाएगा। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए इंडियन टीम मैनेजमेंट से जुड़े सूत्र ने बताया कि चेतेश्वर पुजारा और हनुमा विहारी जैसे खिलाड़ी अंडर लाइट्स प्रैक्टिस शुरू करने वाले हैं, जो गुलाबी गेंद से शुरू होगी। सूत्र ने कहा है, ष्टीम को इस तरह की सीरीज के लिए तैयारी करने की आवश्यकता का एहसास है और हम अपने समय का अधिक से अधिक उपयोग दुबई में अच्छे तरीके से करना चाहते हैं।

### सहवाग ने बताया 2011 वनडे वर्ल्ड कप से पहले उन्हें सर्जरी की थी जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम इंडिया में शामिल किया जाना चाहिए था और अगर बोर्ड को रोहित के इंजरी की चिंता थी तो उनके साथ उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर किसी अन्य खिलाड़ी को भी भेजा जाना चाहिए था। आइपीएल 2020 के बीच में हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से रोहित ने कुछ मुकाबले मिस किए थे, लेकिन उन्होंने अपनी फिटनेस हासिल कर ली और मुंबई के लिए वो दो मैच खेल चुके हैं। इसके बाद तो सब हैरान हैं कि आखिर रोहित को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए क्यों नहीं चुना गया। सहवाग ने कहा कि, मुंबई के फिजियो की तरफ से कहा गया कि, रोहित के फिट होने में कितना समय लगेगा।